तुरन्त		पूर्व मध्य रेल	प्रेस प्रकाशनी
Immediate		East Central Railway	Press Release

महाप्रबंधक श्री ए.के.मित्तल द्वारा गंगा ब्रिज,दीघा का निरीक्षण

हाजीपुर : 14.01.2015

श्री ए.के.मित्तल, महाप्रबंधक, पूर्व मध्य रेल द्वारा दीघा स्थित गंगा नदी पर निर्माणधीन रेल–सह–सड़क पुल का गहन निरीक्षण किया गया तथा कार्य के प्रगति की समीक्षा की । उन्होंने पुल के दक्षिण में पाटलीपुत्र स्टेशन से पुल के उत्तर में परमानंदपुर स्टेशन तक का निरीक्षण किया । उन्होंने फैब्रिकेशन वर्कशॉप एवं बीच नदी में बार्ज (Barge) पर से किये जा रहे इरेकसन कार्य का भी निरीक्षण किया । इसके साथ ही उन्होंने दीघा में नवनिर्मित इंडोर स्टेडियम, मुख्य पुल साईट और रोड डेक कार्य का भी निरीक्षण किया ।

उन्होंने निर्देश दिया कि कार्य निष्पादन के सभी पहलुओं को उच्च गुणवत्ता युक्त किया जाये । उन्होंने पुल निर्माण को जल्द से जल्द पुरा करने के लिए रोड डेक के कार्य में तेजी लाने एवं सभी कार्य को व्यवस्थित रूप से करने पर जोर दिया । उन्होंने कार्य की गुणवत्ता पर संतोष व्यक्त किया । महाप्रबंधक महोदय ने दक्षिणी एवं उत्तरी दिशा में कार्य के नेचर के अनुरूप बाकी बचे पहुंच पथ के कार्यों के बारे में चर्चा की ।

निरीक्षण के दौरान निर्माण विभाग एवं इरकॉन के उच्चधिकारीगण भी उपस्थित थे ।

(अरविंद कुमार रजक)
मुख्य जनसंपर्क अधिकारी